# ३ पानी रे पानी

## पानी

मुँह धोऊँगा पानी से,
मुन्ना कहता नानी से।
प्यासे पानी पीते हैं,
पानी से सब जीते हैं।
जाने कबसे पानी है,
कितनी बड़ी कहानी है।
कहीं ओस है, बर्फ कहीं,
पानी ही क्या भाप नहीं?
सब रूपों में पानी है,
कहती ऐसा नानी है।
नदियाँ बहती कलकलकल,
झरने गाते छलछलछल।
तालों में लहराता जल,
कूँओं में आता निर्मल।
धरती पर जीवन लाया,
खेत सींचकर लहराया।
पर जब बाढ़ें लाता है,
भारी आफत ढाता है!

— श्रीप्रसाद

© NCERT not to be republished

अपने इलाके में गाई या सुनाई जाने वाली पानी से जुड़ी कविताएँ और गीत बच्चे कक्षा में गाएँ। इससे अपने समुदाय के ज्ञान और कला के प्रति उनका लगाव बढ़ेगा।

❇ क्या तुम पानी पर कोई कविता या गाना जानते हो? कक्षा में सुनाओ।

❇ कविता में पानी से जुड़ी कौन-सी आवाज़ों की बात की गई है? कुछ आवाज़ें तुम भी बताओ।

❇ कवि ने क्या कहा है – पानी कहाँ-कहाँ है?

❇ नीचे दिए जिन कामों में पानी की ज़रूरत है, उन पर '✓' का निशान लगाओ।

| | | |
|---|---|---|
| खेलने में ☐ | गाना गाने में ☐ | चाय बनाने में ☐ |
| आटा गूँधने में ☐ | लिखने में ☐ | नाव चलाने में ☐ |
| चित्र बनाने में ☐ | पौधों को उगाने में ☐ | पंखा चलाने में ☐ |

❇ ऐसे चार काम लिखो जो–

- तुम पानी के बिना कर सकते हो।

  ________ ________ ________ ________

- तुम पानी के बिना नहीं कर सकते।

  ________ ________ ________ ________

## ❇ किसके लिए कितना पानी?

इन कामों में सबसे ज़्यादा पानी जिसमें लगता है, उसे पहले लिखो। बाकी को ज़्यादा से कम के क्रम में लिखो।

कामः नहाने में, पीने में, घर धोने में, खेत में पानी देने में, आटा गूँधने में।

1. ________ 2. ________ 3. ________

4. ________ 5. ________

© NCERT not to be republished

## ❊ कहाँ से मिलता है पानी

तुमने कविता में नदी, झरने, तालाब और कुएँ के बारे में पढ़ा। इनसे हमें पानी मिलता है। तुम पानी कहाँ-कहाँ से लाते हो? तुम्हारे घर में या घर के पास इनमें से जो-जो हैं, उन पर ◯ लगाओ।

झील, कुआँ, तालाब, झरना, सागर, नदी,

नहर, ट्यूबवैल, नल, नलकूप, टाँका, गर्म सोता



क्या तुमने कभी ज़मीन में से गर्म पानी निकलते देखा है? कहाँ?

❊ क्या तुम्हारे गाँव या शहर में कोई नदी बहती है? यदि हाँ तो उसका नाम क्या है? ____________________

❊ क्या तुम कुछ नदियों के नाम जानते हो? उनके नाम लिखो।

____________________

____________________



❊ तुम्हारे घर में पीने का पानी कहाँ से आता है?

❊ क्या पानी लाने घर से दूर जाना पड़ता है? पानी लाने में कितना समय लगता है?

❊ क्या आस-पास के सभी लोग वहीं से ही पानी लेते हैं?

❊ पानी को भरकर रखने की ज़रूरत क्यों पड़ती है?


❊ तुम्हारे घर के लिए पानी भरने का काम कौन-कौन करते हैं?

❊ क्या ऐसे भी कुछ लोग हैं, जिन्हें वहाँ से पानी भरने नहीं दिया जाता?

---

कई जगह कुछ लोगों को आम स्रोत से पानी नहीं लेने दिया जाता। इस पर चर्चा करना ज़रूरी है, जिससे भेदभाव जैसे विषयों के प्रति संवेदनशीलता बढ़े।

© NCERT not to be republished



❇ नीचे दिए गए चित्रों में से उन में रंग भरो, जिनमें तुम पानी भरकर रखते हो।



❇ तुम्हारे घर में यदि किन्हीं और चीज़ों में पानी भरकर रखा जाता है, तो कॉपी में उनका चित्र बनाओ और नाम भी लिखो।



चित्र में दिए सभी बर्तनों में यदि ऊपर तक पानी भरा हो तो –

1. किस बर्तन में सबसे कम पानी होगा?
2. किस बर्तन में सबसे ज़्यादा पानी होगा?

यह तुम कैसे कह सकते हो?




© NCERT not to be republished



## छुटकी चकराई

हिरेन और छुटकी को बहुत गर्मी लग रही थी। अंकल ने कहा – रुको, मैं तुम्हें आम का पन्ना देता हूँ। उन्होने दो स्टील के गिलास भर कर बच्चों को पकड़ाए। पर छुटकी ने ज़िद पकड़ी – मुझे तो काँच के गिलास में ही पीने में मज़ा आता है। अंकल ने पन्ना एक काँच के गिलास में पलट दिया। पर नहीं, छुटकी फिर भी नहीं मानी। बोली – अंकल! आपने मुझे तो कम दिया है।

तुम्हें क्या लगता है? क्या छुटकी के गिलास में कम पन्ना था?



© NCERT not to be republished



पानी कहाँ-कहाँ से मिलता है? वर्ग पहेली में ढूँढ़ो और ◯ लगाओ। क्या तुम दस ढूँढ़ पाए?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बा | व | ड़ी | झी | न |
| रि | सा | कु | आँ | ल |
| श | सो | ग | झ | ता |
| च | न | ह | र | ला |
| श्मा | दी | टाँ | का | ब |

'छुटकी चकराई' वाले क्रियाकलाप को करके दिखाएँ। बच्चों को क्रियाकलाप करने, देखने तथा पूछने के मौके दें।

इनमें से जो अलग है उस पर ◯ लगाओ और बताओ क्यों?

- नदी, पहाड़, तालाब, नल, सोता।
- नहाना, कपड़े धोना, तैरना, कंघी करना, आटा गूँधना।
- मछली, बत्तख, बंदर, मगरमच्छ, कछुआ।
- कार, नाव, बस, रेलगाड़ी, साइकिल।

## रंगों से खेल

एक कागज़ को बीच में से मोड़ो। अब खोलकर अलग-अलग रंगों की कुछ बूँदें डालो। कागज़ को फिर से मोड़कर दबा दो। खोलकर देखो क्या बना?



not to be republished